भारत सरकार

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 361

जिसका उत्तर 24 जुलाई, 2024 को दिया जाना है ।

2 श्रावण, 1946 (शक)

बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग उद्योग

361. श्री प्रवीण पटेल :

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे :

श्री नरेश गणपत म्हस्के :

क्या इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि पिछले पांच वर्षों में कितने सूचना-प्रौद्योगिकी गंतव्य केंद्र संचालित रहे हैं और कितने ऐसे केन्द्रों का निर्माण किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्षवार और राज्यवार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह सच है कि भारत की 38 बिलियन डॉलर का बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग उद्योग (बीपीओ) अगले चार वर्षों में देश के शहरों में अपना कारोबार दोगुना करने पर विचार कर रहा है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को पिछले पांच वर्षों में स्वीकृत और निर्मित की गई बीपीओ इकाइयों की सही संख्या की जानकारी है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार और राज्य-वार ब्यौरा क्या है और देश में बीपीओ सेक्टर में कार्यरत लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (श्री जितिन प्रसाद)

(क) से (च): नैसकॉम के अनुसार, भारत में 16.6 लाख से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले 1,580 से अधिक ग्लोबल केपेसिटी सेंटर ('जीसीसी') स्थापित किए गए हैं। भारत में कुशल पेशेवरों के विशाल पूल की उपलब्धता को जीसीसी इकोसिस्टम के विकास का मुख्य कारण माना जाता है। इनमें से लगभग 300 (*जेएलएल के अनुमान अनुसार*) जीसीसी महाराष्ट्र में और लगभग 200 दिल्ली एनसीआर में स्थित हैं।

6 एसटीपीआई केंद्र (औरंगाबाद, कोल्हापुर, मुंबई, नागपुर, नासिक और पुणे) महाराष्ट्र में प्रचालनरत हैं; और 5 एसटीपीआई केंद्र (कानपुर, लखनऊ, मेरठ, नोएडा और प्रयागराज) उत्तर प्रदेश में प्रचालनरत हैं। उत्तर प्रदेश में 4 एसटीपीआई केंद्र क्रमशः आगरा, बरेली, गोरखपुर और वाराणसी स्थापित किए जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में 316 करोड़ रुपये की संचयी परियोजना लागत से 3 इलेक्ट्रॉनिकी मैन्यूफैकचरिंग क्लस्टर (औरंगाबाद, पिंपरी और रंजनगांव चरण-II) स्थापित किए जा रहे हैं। इसी तरह, ग्रेटर नोएडा में 115 करोड़ रुपये की परियोजना लागत से एक इलेक्ट्रॉनिकी मैन्यूफैकचरिंग क्लस्टर स्थापित किया जा रहा है।

****